शिखर 5

पाठ 8. सच्ची ईद

पाठ का उद्देश्य

बच्चे स्वभाव से संवेदनशील और भावुक होते हैं। प्रस्तुत पाठ का उद्देश्य बच्चों में दूसरों की मदद करने का तथा उनके दुख को समझने का भाव जगाना है। इसके साथ ही अपने माता-पिता की सेवा करने की भी सीख दी गई है।

पाठ का सारांश

रमज़ान का महीना शुरू होने वाला था। असलम अपनी अम्मी से रोज़े रखने की ज़िद करने लगा। अम्मी के लाख समझाने पर भी वह न माना। असलम ने सोच रखा था कि इस बार ईद पर वह नए कपड़े अवश्य पहनेगा। एक दिन बाज़ार जाते समय असलम ने अम्मी को वह कुर्ता-पायजामा दिखाया जो वह ईद पर खरीदना चाहता था। कुर्ते-पायजामे की कीमत 200 रुपए थी। अम्मी ने दिन-रात मेहनत करते हुए दो सौ रुपए जोड़ ही लिए। आज रोज़े का आखिरी दिन था और कल ईद आने वाली थी। उन्होंने असलम को पैसे देकर रहीम चाचा की दुकान पर भेजा। असलम बहुत खुश था। अचानक कुछ सोचकर उसके कदम धीमे हो गए। उसकी नज़रों के सामने पिछले दिन कक्षा में घटी घटना घूम गई। कल कक्षा में मास्टर जी ने विद्यालय का शुल्क जमा न कराने के कारण मोहन का नाम विद्यालय से काट देने के बारे में कहा था। मोहन के पिता मज़दूरी करते थे पर बीमारी के कारण कुछ दिनों से वह काम पर नहीं जा पाए थे। मोहन के घर में पैसे नहीं थे। असलम मोहन के घर पहुँचा। उसने मोहन को वह दो सौ रुपए देते हुए कहा कि वह इन पैसों से अपने पिता का इलाज करवाए तथा पाठशाला का शुल्क भी जमा करे। असलम को खाली हाथ घर लौटा देखकर अम्मी ने उससे इस बारे में पूछा। असलम से सारी बात जानकर अम्मी को अपने नन्हे से बेटे पर बहुत गर्व हुआ और उन्होंने कहा कि उसने ही सच्ची ईद मनाई है।

अध्यापन संकेत

पाठ का स्वयं वाचन करें तथा बच्चों से भी पाठ के एक-एक अंश का वाचन करवाएँ। बच्चों से पूछें तथा समझाएँ–

- ❖ उन्हें कौन-सा त्योहार सबसे अच्छा लगता है?
- ❖ बच्चों से देश में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहारों के बारे में चर्चा करें। उन्हें 'ईद' के बारे में बताएँ।
- ❖ बच्चों से पूछें कि क्या कभी उन्होंने अपने किसी मित्र या अन्य किसी की सहायता की है? यदि हाँ, तो कब और कैसे?
- ❖ समझाएँ कि आवश्यकता पड़ने पर अपने मित्रों की सहायता करनी चाहिए। जो ज़रूरत पर काम आए वही सच्चा मित्र होता है।
- ❖ असलम की अम्मी ने दिन-रात मेहनत करके पैसे जुटाए और असलम ने वह पैसे मोहन को दे दिए। आपकी दृष्टि में ऐसा करके असलम ने सही किया अथवा गलत?

डिजिटल (Digital) के माध्यम से पाठ की ई-बुक विद्यार्थियों को दिखाकर पाठ के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।

भारत के त्योहार (केवल पढ़ने के लिए)

डिजिटल (Digital) के माध्यम से कविता की ई-बुक विद्यार्थियों को दिखाकर कविता के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।